महरौली में आयोजित हुआ दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर

मोदीपुरम। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौधोगिक विश्वविद्यालय तथा पशुपालन विभाग द्वारा परतापुर ब्लॉक के ग्राम महरौली में विकास खंड स्तरीय पं दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मार्गदर्शन कृषि विवि के कुलपति डॉ के के सिंह ने किया। मेले का शुभारम्भ ग्राम प्रधान रत्न सिंह ने गौ पूजन करके किया और किसानों को सरकार द्वारा चलायी जा रही पशुपालन सम्बन्धी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आर के शर्मा ने किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों विशेषकर खुरपका मुंहपका रोग, गलघोटू, पेट के कीड़ों तथा वाह्य परीजीवियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अधिष्ठाता डा० राजीव सिंह ने कहा कि फास्फोरस की कमी से पशु दीवार चाटने अथवा दूसरे पशुओं का पेशाब पीने लगते हैं और ज्यादा कमी हो जाने से वृद्धि दर तथा दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित होता है। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो अमित वर्मा ने बताया कि मिट्टी में फास्फोरस की कमी है तो उसमें उगी फसलों, चारा आदि में भी फास्फोरस की कमी रहती है और पशुओं में भी यह कमी हो जायेगी। प्रभावित पशु की भूख कम हो जाती है और वह अपने आस-पास पड़ा कपड़ा, थैला, जूता, बैग आदि कुछ भी चबाने लगते हैं। वृद्धिशील पशुओं की बढ़वार के साथ साथ प्रजनन क्षमता भी प्रभावित होती है। पशुओं को बहुत अधिक मात्रा में कैल्शियम से भी फास्फोरस की कमी हो जाती है, इसलिए पशुओं को केवल कैल्शियम ही न दें। इसके रोकथाम के लिए पशुओं को प्रतिदिन 50 ग्राम मिनरल मिक्सचर तथा 2-3 किलो चोकर खिलाना चाहिए। पशुचिकित्साधिकारी परतापुर डा प्रियंका शर्मा ने बताया कि आरोग्य शिविर में 650 से अधिक पशुओं की जाँच कर निशुल्क दवा एवम टीकाकरण का कार्य सरकार तथा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डा अमित वर्मा, डा अरबिन्द सिंह, डा अजीत कुमार सिंह, डा अखिल पटेल, डा नरेश चन्द्र, डा विनोद कुमार वरुण, डा प्रियंका, डा रमाकान्त, डा वेद प्रकाश, डा निलय, डा अनुज खरे, शैलेन्द्र गौड़, देवेन्द्र कुमार, शेर सिंह, रूप किशोर, अनिल शर्मा, शिवम आदि उपस्थित रहे।

IFFCO
IFFCO-TOKIO
GENERAL INSURANCE
"पश्चिमी उत्तर प्रदेश में डेयरी पशुओं के लिए सचल पशु चिकित्सा सेवाएं"
पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

IFFCO

हिन्दुस्तान मेरठ, गुरुवार, 1 फरवरी 2024 05

महरौली गांव में लगाया पशु चिकित्सा शिविर

मेरठ। महरौली में दीन दयाल उपाध्याय आरोग्य- पशु मेले का आयोजन मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा .राजेन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया। इस दौरान 865 पशुओं का निशुल्क चिकित्सा बांझपन, बछियाकरण किया गया। डा . अमित वर्मा, मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रत्न सिह, डा . प्रियंका शर्मा, प्रेमका रामा, डा.बेद प्रकाश, डा.निलय, डा . अजित, डा . अरविन्द, अभिल वर्मा आदि रहे।

6 दैनिक जनवाणी मेरठ, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

महरौली में पशु आरोग्य शिविर का आयोजन

● जनवाणी संवाददाता, मोदीपुरम

शिविर में 650 पशुओं की जांच की गई

सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय एवं पशुपालन विभाग द्वारा महरौली गांव में विकास खंड स्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। कृषि विवि के कुलपति डा. के के सिंह के निर्देशन में मेले का आयोजन किया जा रहा है। अधिष्ठाता डा. राजीव सिंह ने कहा कि फास्फोरस की कमी से पशु दीवार चाटने अथवा दूसरे पशुओं का पेशाब पीने लगते हैं और ज्यादा कमी हो जाने से वृद्धि दर तथा दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित होता है। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अमित वर्मा ने बताया कि मिट्टी में फास्फोरस की कमी है तो उसमें उगी फसलों चारा आदि में भी फास्फोरस की कमी रहती है और पशुओं में भी यह कमी हो जायेगी। पशुचिकित्साधिकारी डा. प्रियंका शर्मा ने बताया कि आरोग्य शिविर में 650 से अधिक पशुओं की जांच कर निशुल्क दवा एवं टीकाकरण का कार्य सरकार तथा इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के वित्तीय सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डा. अमित वर्मा, डा. अरबिन्द सिंह, डा. अजीत सिंह, डा. अखिल पटेल, डा. नरेश चन्द्र, डा. विनोद कुमार, डा. प्रियंका, डा. रमाकांत, डा. वेद प्रकाश, डा. निलय, डा. अनुज खरे, शैलेन्द्र, देवेन्द्र कुमार, शेर सिंह, रूप किशोर, अनिल शर्मा, शिवम आदि मौजूद रहे॥